प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभाग के छात्र एकेटीयू के नैपटैल ऑनलाइन कोर्स में अब्वल

डॉ. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2018–19 से प्रारम्भ किये गये एन.पी.टी.ई.एल. ऑन लाइन प्रमाणपत्र कोर्स में जिसमें विभिन्न कॉलेजों के 13101 छात्र–छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया एवं इनमें से 350 छात्रों ने गोल्ड, 9114 छात्रों ने इलीट और 2755 छात्रों ने इस कोर्स को पूर्ण किया।

हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के कम्प्यूटर साइंस विभाग की छात्रा इशीका अग्रवाल ने इस कोर्स के टॉप 1 प्रतिशत छात्रों में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्थान पक्का किया। इसी विभाग के एक और छात्र आयूष राजपूत ने टॉप 5 प्रतिशत में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्थान पाया।

संस्थान की इस उपलब्धि पर शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई.के.गुप्ता, कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी.के.शर्मा, निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने इन दोनों छात्र–छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रथम वर्ष समन्वयक डॉ. सुरूचि ने बताया कि हिन्दुस्तान कॉलेज के कई अन्य छात्रों ने गोल्ड एवं इलीट वर्ग में अपना स्थान बनाया। संस्थान के लिए ये बहुत बड़ी उपलब्धि है।

कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष श्री मुनीष खन्ना ने इस सफलता का श्रेय विभाग के समस्त शिक्षकों एवं छात्रों के समग्र प्रयास को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विभाग अपने इस प्रयासों की बजह से नयी ऊचाईयों की तरफ अग्रसर होगा।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त डीन, समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।